***प्रेस नोट जनपद संतकबीरनगर दिनांक 26.11.2024***

***क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद/यातायात द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक मंगलवार परेड का किया गया निरीक्षण, दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश***

आज दिनांक 26.11.2024 को क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद/यातायात ***श्री अजीत चौहान*** द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी / कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## *मा0 विधायक धनघटा, खलीलाबाद, मेहदावल, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर द्वारा संयुक्त रुप से कलेक्ट्रेट सभागार में मनाया गया संविधान दिवस, ली गयी शपथ*

आज दिनांक 26.11.2024 को ***"संविधान दिवस"*** के अवसर पर मा0 विधायक धनघटा *श्री गणेश चौहान, मा0 विधायक खलीलाबाद *श्री अंकुर राज तिवारी*, मा0 विधायक मेहदावल *श्री अनिल त्रिपाठी*, जिलाधिकारी संतकबीरनगर ***श्री महेन्द्र सिंह तंवर*,** पुलिस अधीक्षक ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के द्वारा संयुक्त रुप से कलेक्ट्रेट सभागार में भारत माता व डा0 भीम राव अम्बेडकर की फोटो पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया गया तथा संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों की जानकारी प्रदान कर, संविधान में निहित मूल्यों, आदर्शों, उद्देशिका को स्मरण कराते हुए राष्ट्र की एकता व अखण्डता बनाये रखने की शपथ दिलायी गयी। पुलिस अधीक्षक महोदय ने बताया कि संविधान हमारे देश का मजबूत आधार है। हमारी एकता अखंडता को बनाए रखने वाला यह संविधान हर किसी को समान अधिकार देता है, भारत जैसे विविधताओं वाले देश में यही वह संविधान है, जिसने सभी को एक सूत्र में बांधकर रखा है, संविधान की वजह से ही आज हर व्यक्ति को पढ़ाई लिखाई, जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है। संविधान कभी ऊंच-नीच नहीं देखता है, जो अधिकार एक सामान्य व्यक्ति को हैं वहीं अधिकार सभी को हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त थानों / चौकियों / कार्यालयों पर नियुक्त समस्त पुलिस कर्मियों द्वारा राष्ट्र की एकता और अखण्डता की सुनिश्चिता व बन्धुता बनाये रखने की शपथ ली गयी।

## *संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर द्वारा पुलिस कर्मियों को दिलाई गयी शपथ*

आज दिनांक 26.11.2024 को ***"संविधान दिवस"*** के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के द्वारा पुलिस कार्यालय संतकबीरनगर में डा0 भीम राव अम्बेडकर की फोटो पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात उपस्थित पुलिस अधि0/कर्मचारीगण को संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों की जानकारी प्रदान कर, संविधान में निहित मूल्यों, आदर्शों, उद्देशिका को स्मरण कराते हुए राष्ट्र की एकता व अखण्डता बनाये रखने की शपथ दिलायी गयी। पुलिस अधीक्षक महोदय ने बताया कि संविधान हमारे देश का मजबूत आधार है। हमारी एकता अखंडता को बनाए रखने वाला यह संविधान हर किसी को समान अधिकार देता है, भारत जैसे विविधताओं

वाले देश में यही वह संविधान है, जिसने सभी को एक सूत्र में बांधकर रखा है, संविधान की वजह से ही आज हर व्यक्ति को पढ़ाई लिखाई, जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है। संविधान कभी ऊंच-नीच नहीं देखता है, जो अधिकार एक सामान्य व्यक्ति को हैं वहीं अधिकार सभी को हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त थानों / चौकियों / कार्यालयों पर नियुक्त समस्त पुलिस कर्मियों द्वारा राष्ट्र की एकता और अखण्डता की सुनिश्चिता व बन्धुता बनाये रखने की शपथ ली गयी।

## *दबिश के दौरान 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार*

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में **धनघटा पुलिस द्वारा 01** वारण्टी नाम पता त्रिलोकी पुत्र स्व0 रामधनी निवासी ग्राम मुठही थाना धनघटा जनपद सन्त कबीर नगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः-** उ0नि0 श्री रामदरश यादव, का0 गौरव चौहान।

## *पीआरवी आफ द डे*

***पीआरवी 5264 द्वारा मारपीट/विवाद होने के कारण घायल 01 महिला को भेजवाया गया अस्पताल–*** पीआरवी 5264 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत कड़ेसर से इवेंट सं0 **44036** द्वारा कालर ने मारपीट/विवाद होने के कारण घायल 01 महिला (1. मीना पत्नी रामजनक ग्राम कड़ेसर थाना को0 खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर) के मारपीट में घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर समय से पहुँचकर मारपीट में घायल महिला को 108 एम्बुलेंस की सहायता से ईलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना को0 खलीलाबाद को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर समय से पहुँचकर दुर्घटना में घायल हुए महिला को ईलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया। जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गयी।

***पीआरवी स्टाफ-* आ0 प्रदीप यादव, हो0चा0 इन्द्रनाथ पाण्डेय।**

## *मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 140 वाहनों से 1,44,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया*

आज दिनांक 26.11.2024 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 140 वाहनों से 1,44,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।